तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 12.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर, 2025



12 गुरु नानक देव की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी





12 हरियाणवी इंस्ट्रूमेंटल ऑर्केस्ट्रा टीम ने बाजी मारी




## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता 10 से

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय डाक विभाग के सहायक निदेशक प्रवीण अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा 10 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक मल्टी पर्पल हॉल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में 36वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता में कई टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने की विभाग द्वारा तैयारियों की जा रही हैं।

### क्लर्क के साथ छेड़खानी में चपरासी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने सरकारी विभाग की महिला क्लर्क के साथ छेडखानी करने वाले इसकी विभाग के चपरासी नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीडित क्लर्क की शिकायत पर आरोपी चपरासी नरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने नारी समाज से अपील की कि वे अपने साथ छेडखानी होने की घटना को दबाए नहीं बल्कि पुलिस से शिकायत करें, पुलिस आरोपी पर सख्त कार्रवाई करेगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव दीवाना के रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से ओमप्रकाश पुत्र रामस्वरूप की मौत हो गई। जीआरपी की जांच में पता कि ओमप्रकाश हर रोज सुबह सैर के लिए खेतों की ओर आते थे, वहीं, रेलवे ट्रैक पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। इधर, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद ओमप्रकाश का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत पुलिस ने दो वाहन चोर दबोचे

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की टीम ने चार पहियां वाहनों को चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों सोनीपत के कतलुपुर गांव निवासी मंजीत व दिल्ली के नरेला स्थित स्वतंत्र नगर निवासी साहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में पानीपत व सोनीपत की वाहन चोरी की एक-एक वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है।

### मारपीट व अपहरण के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सेक्टर 25 में कृप्या गार्डन वाली गली में बालाजी मेडिकल स्टोर संचालक अंकित पुत्र जयपभगवान निवासी अर्जुन नगर, काबडी रोड क्षेत्र का अपहरण कर मारपीट करने के और दो आरोपियों मोहित निवासी गांव डाढोला, अभय निवासी गांव गढ़ी छाजू जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। इधर, पुलिस इस केस के फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

---

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने करवाई प्रतियोगिता

# राज्यस्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2025 का हुआ शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत को आगे ले जाने की युवाओं पर जिम्मेदारी है। ये योगासन खेल प्रतियोगिता है और योग का अर्थ जोड़ना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कुलपति सचदेवा विश्वविद्यालय खेल मैदान के बहुद्देशीय हॉल में आयोजित 27वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 के तहत योगासन खेल में बोल रहे थे। अध्यक्ष जसविंदर सिंह मीनू बेनीवाल एवं सचिव कृष्ण लाल पवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हॉल में आयोजित योगासन खेल प्रतियोगिता का कल देर सायं समारोह के साथ शुभारंभ हुआ।

### देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं पर : प्रो. सचदेवा

प्रतियोगिता निदेशिका डॉ कोमल कौशिक ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ. जयदीप आर्य, महासचिव, योगासन भारत एवं अध्यक्ष, हरियाणा योग आयोग, डॉ. धर्म देव विद्यार्थी, निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी (हरियाणा सरकार) एवं चेयरमैन, हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, ईश्वर सिंह दुहान, पूर्व महानिरीक्षक (आई.टी.बी.पी.) एवं राज्य जी.टी.सी.सी. चेयरमैन, डॉ. युधवीर सिंह, सचिव, हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, नंदलाल बेनीवाल, सुनील कुमार व ईश आर्य सभी उपाध्यक्ष, हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, पतंजलि योग समिति से अशोक मित्तल, भारतीय योग संस्थान से गुलशन ग्रोवर, महिला पतंजलि योग समिति से डॉ निरुपमा भट्टी सहित कई उपस्थित गणमान्य महानुभावों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, चेयरमैन हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, जीटीसीसी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दूहन, डॉ. युद्धवीर सेक्रेटरी हरियाणा योगासन एसोसिएशन, नंद लाल बेनीवाल, निरुपमा भट्टी, गुलशन ग्रोवर, रजनी बाला, सुनील शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलन

### थीम 'माटी से मेडल तक'

डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि 13 वर्षों के बाद हरियाणा राज्य खेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी थीम माटी से मैडल तक है। हरियाणा ओलंपिक खेलों में योगासन को पहली बार एक खेल के रूप में शामिल किया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज से प्रेरित होकर योगासन के लिए भारत के ओलंपिक विजन की दिशा में एक मील का पत्थर है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल ने योगासन खेल के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। प्रतियोगिता डायरेक्टर डॉ. कोमल कौशिक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक एथलीट और अधिकारी भाग ले रहे हैं। सभी पदक विजेताओं को ग्रेडेशन प्रमाणपत्र और सभी योग्य प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

---

करनाल अनाजमंडी में फर्जी गेट पास घोटाला

# अनाजमंडी सचिव और तीन सहयोगियों पर मामला दर्ज

*बाहरी आईपी एड्रेस और मोबाइल नंबरों से जारी हुए पास, साइबर सेल करेगी मामले की तकनीकी जांच, पहले भी छह अफसर सरकारी धान घोटाले में फंसे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के करनाल जिले की नई अनाज मंडी में करोड़ों रुपये के धान घोटाले का एक और बड़ा खुलासा हुआ है। मार्केटिंग बोर्ड के जिला अधिकारी ईश्वर सिंह राणा की शिकायत पर मंडी समिति करनाल की सचिव आशा रानी और उनके तीन सहयोगी राजेंद्र, अमित और अजय के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत में आरोप है कि सचिव आशा रानी ने गेट पास जारी करने की जिम्मेदारी निजी व्यक्तियों को सौंप दी थी, जिससे सरकारी प्रणाली का दुरुपयोग हुआ।

- निजी व्यक्तियों को सौंप दी थी गेट पास जारी करने की जिम्मेदारी



#### गेट पास की जांच में पकड़ा गया घोटाला

जांच में सामने आया है कि कई गेट पास करनाल मंडी क्षेत्र से बाहर के मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश पर डीएफएमओ द्वारा जब मंडी के गेट पासों की जांच कराई गई तो बड़ा घोटाला उजागर हुआ। कई गेट पास ऐसे मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी हुए जो मंडी क्षेत्र से संबंधित नहीं थे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मंडी सचिव ने निजी लोगों को पास जारी करने का अधिकार सौंप दिया था, जिससे सरकारी सिस्टम में धांधली आसान हो गई।

#### पुलिस जांच जारी

सिटी थाना करनाल पुलिस ने मिली शिकायत पर सचिव आशा रानी और तीन निजी व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच सेक्टर-4 चौकी इंचार्ज को सौंपी गई है, जो सभी दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं।

#### सांठगांठ की आशंका

साइबर सेल इंचार्ज ने मंडी के सभी गेट पासों की डिजिटल जांच की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घोटाले में मंडी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों की सांठगांठ की आशंका है। अब पूरा डेटा साइबर सेल को सौंप दिया गया है ताकि तकनीकी स्तर पर साक्ष्य जुटाए जा सकें। इससे पहले भी करनाल, घरौंडा, जुंडला, निसिंग और तरावड़ी मंडियों में सरकारी धान में फर्जीवाड़े के मामले सामने आ चुके हैं। राइस मिल बतान फूड्स सलाहकार सतीश कुमार, तरावड़ी मंडी के सचिव संजीत, निरीक्षक रामफल (तरावड़ी), यशपाल (घरौंडा), समीर (करनाल) और लोकेश (निसिंग) पर भी सरकारी धान को खुदवर्दी करने का केस दर्ज हो चुका है। इन पर करीब 5 करोड़ 93 लाख 86 हजार 936 रुपये का धान मिलों में न मिलने का आरोप है।

---

# सिख गुरुओं की शिक्षा कर सकेंगे आत्मसात : भल्ला



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में एमओयू को एक दूसरे को सौंपते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला व गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के अतिरिक्त मुख्य सचिव सरदार अजिंदर पाल सिंह।

- गुरु नानल खालसा कॉलेज ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख संस्कृति, विरासत और मूल्यों के प्रचार के लिए गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला व गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल के अतिरिक्त मुख्य सचिव सरदार अजिंदर पाल सिंह ने इस समझौते को विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायी बताया है। प्राचार्य भल्ला ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य विद्यार्थियों में सिख संस्कृति, विरासत, मूल्य और नैतिकता का प्रचार प्रसार करना है। इस सहयोग के माध्यम से कॉलेज और गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल द्वारा विभिन्न शैक्षणिक, आध्यात्मिक और मूल्य आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ताकि विद्यार्थी सिख गुरुओं की शिक्षाओं को आत्मसात कर सकें और एक मजबूत नैतिक व चारित्रिक आधार विकसित कर सकें। यह साझेदारी विद्यार्थियों को उनकी समृद्ध सिख विरासत से जोड़ने और उनके व्यक्तित्व व नैतिक मूल्यों को विकसित करने में मदद करेगी।

---

# कुश्ती में प्रदेश के पहलवानों का दबदबा

- हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराया रचना ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राष्ट्रीय कुश्ती में मुकाबलारत दो पहलवान। *फोटो : हरिभूमि*

आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित 69वें राष्ट्रीय कुश्ती अंडर 19 खेलों के चौथे दिन मंगलवार को पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। लड़कियों के 50 व 55 किलो भार वर्ग तथा लड़कों का 74 व 79 किलो भार वर्ग में पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। लड़कियों के 50 किलो भार वर्ग में कुल 22 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को तथा हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को हराया। जबकि फाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराया। जिसमें हरियाणा की रचना ने स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र की आकांशा ने रजत पदक व उत्तर प्रदेश की प्रतिमा और हिमाचल प्रदेश की सनिग्धा ने कांस्य पदक जीते।

वहीं, लड़कियों के 55 किलो भार वर्ग में कुल 23 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को तथा हरियाणा ने राजस्थान को हराया। फाइनल में हरियाणा ने दिल्ली को हराया, जिसमें हरियाणा की मंजीत ने स्वर्ण पदक, दिल्ली की गायत्री ने रजत पदक व महाराष्ट्र की हर्षदा गोपाल मसल और राजस्थान की दिव्या ने कांस्य पदक हासिल किया। दूसरी ओर, लड़कों के 74 किलो भार वर्ग में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में हरियाणा ने उत्तराखंड को हराया। जिसमें निशांत ने स्वर्ण पदक जीता।

---

*वार्षिक निरंकारी संत समागम का हुआ समापन*

# ईश्वर की बनाई इस सुंदर दुनिया का सदुपयोग विवेकपूर्ण करें : मां सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

निराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज़ अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करें, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सद्प्रयोग करें।

यह उद्गार सतगुरु मां सुदीक्षा ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित विशाल मानव परिवार को अपने पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए। वहीं, आत्ममंथन की दिव्य शिक्षाओं से अपना जीवन संवारते हुए खुद का कल्याण करने के साथ-साथ जगत कल्याण की दिशा में अग्रसर होने का दिव्य संदेश देते इस पवित्र समागम का प्रेमाभक्ति के गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। इधर, मां सुदीक्षा ने कहा कि मन को परेशान करने वाले अनेक कारण और विचार आते रहते हैं, पर उनकी अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हर वस्तु का उपयोग करते वक्त ईश्वर का अहसास मन में रहता है, हर कर्म करते समय निरंकार दातार को उसमें शामिल किया जाता है तो मन की उथल-पुथल समाप्त हो जाती है और शांति व सुकून की अनुभूति होती है। इससे मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। गुरु की सिखलाई के अंतर्गत रहते हुए यह भीतर की यात्रा हमें आत्मिक ऊर्जा से भरपूर करती है।



#### अच्छाई को मानवता तक पहुंचाएं

मां सुदीक्षा ने कहा कि भक्त हमेशा सकारात्मकता को अपनाते हैं और गुणों के ग्राहक बने रहते हैं जिससे उनके जीवन में आनंद बरकरार रहता है। उन्होंने आह्वान किया कि समागम में प्राप्त दिव्य सिखलाई को अपने जीवन में उतारते चले जाएं और इस सच्चाई और अच्छाई को अपने तक सीमित न रखते हुए पूरी मानवता तक पहुंचाते जाए। दूसरी ओर, समागम में आयोजित दिन कवि दरबार में कवियों ने 'आत्ममंथन' विषय पर आधारित अपनी कविताएं हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी, हरियाणवी, मुलतानी, मराठी उर्दू आदि भाषाओं में प्रस्तुत की।

---

## गुरु पर्व की पूर्व संध्या पर आकर्षक रूप से सजाया कपालमोचन तीर्थ स्थल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा

# श्री कपालमोचन मेले में चौथे दिन लाखों श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

- अधिकांश श्रद्धालु तीर्थ स्थल पर पिछले चार दिन से जमाए हैं डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आस्था और विश्वास के पवित्र तीर्थ स्थल श्रीकपालमोचन में आए दिन श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा है। मंगलवार को मेले के चौथे दिन करीब तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थल पर पहुंचकर तीनों पवित्र सरोवरों में स्नान कर दीपदान किया।

खास बात यह है कि मेले में जितने श्रद्धालु आ रहे हैं, उतने ही श्रद्धालु स्नान करने के बाद अपने घरों को लौट रहे हैं। मेला परिसर में केवल वह श्रद्धालु रात्रि के समय रुक रहे हैं जो पंचभीखी स्नान कर रहे हैं। पंचभीखी स्नान करने के लिए श्रद्धालु मेला शुभारंभ से एक दिन पहले ही तीर्थ स्थल पर पहुंचकर डेरे जमा चुके हैं। जो रोजना पवित्र सरोवरों में स्नान कर दीप दान और पूजा अर्चना कर रहे हैं। मेले में देश के विभिन्न प्रदेशों से आने वाले विभिन्न धर्मो, वर्गो एवं जातियों के श्रद्‌घालुओं के आने का तांता लगा हुआ है। पूर्ण स्नान के शुरु होने तक मेला परिसर में दो से तीन लाख और श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक मजबूत किया है। ताकि मेला में आने वाले श्रद्‌घालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो के लिए परिवहन निगम ने बसों की संख्या बढ़ा दी है। खास कर तीनों सरोवरों के महिला घाटों पर लाईटें व महिला पुलिस की टीमें तैनात कर दी गई हैं और कड़ी चौकसी बरती जा रही है। वहीं, सरोवरों पर गोताखोर अलर्ट कर दिए गए हैं। उधर, तीर्थ स्थल स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारे को आकर्षक रूप से सजा दिया गया है।





यमुनानगर। कपालमोचन तीर्थ स्थल पर चौथे दिन दीप दान करते श्रद्धालु तथा सरोवर पर स्नान करते श्रद्धालु।

-रात्रि को मनमोहक बने तीर्थ स्थल सरोवर

कपालमोचन मेला अपने यौवन पर पहुंच गया है। खास बात यह है कि मेले के दौरान तीर्थ स्थल पर सजाए गए मंदिर व गुरूद्वारे रात्रि के समय मनमोहक बन रहे हैं। रात्रि के समय जहां ऐतिहासिक गुरुद्वारे पर सजाई गई आकर्षक लाईटें श्रद्धालुओं को अपनी ओर बरबस मोहित कर रही हैं। वहीं तीर्थ स्थलों के चारों तरफ लगाई गई रंगबिरंगी लाईटें मेला परिसर में स्वर्ग जैसा नजारा दिखा रही हैं। मेले में आकर्षक रूप से लगाई गई विभिन्न प्रकार की लाईटों से मेला परिसर में रात दिन का कोई पता नहीं चल रहा है। रात-दिन मेले में भजन कीर्तन और स्नान के अलावा पूजा पाठ चल रहा है।

#### सरोवरों में स्नान से मिलते दूध,पूत व धन

*पंजाब के गुरदारपुर के श्रद्‌घालु कुलविंद्र सिंह, मनबीर सिंह, कुलवंत सिंह व नच्छतर सिंह आदि ने कपाल मोचन तीर्थ की महिमा के बारे में बताया कि गुरूओं की कृपा से इस तीर्थ को मन ही मन में याद करते हुए मनुष्य की हर मुराद व सूखना पूर्ण हो जाती है। यहां के पवित्र सरोवरों में नहाने से दूध, पूत व धन मिलता है और उनके परिवारों को सब कुछ मिला भी है। उसकी मन में सोची हुई मन्नत पूर्ण हुई है व इसलिए वह अपने परिवार और मित्रजनों सहित यहां पांच दिनों तक स्नान करने आए हैं। वह पहले भी कई बार इस पवित्र तीर्थ पर आ चुके हैं।*

#### स्नान के बाद दीपदान

मेला परिसर में श्रद्धालु पहुंचकर पवित्र सरोवरों में स्नान कर मोक्ष की कामना करने में लगे हैं। दिन के समय श्रद्धालु स्नान करने के बाद जहां तीर्थ स्थल स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा, दुधिया बाबा की मजार, मां मंत्रा देवी के दर्शन करने में लगे हैं। इस बार कार्तिक पूर्णिमा देर शाम 10 बजकर 36 मिनट से लेकर 5 नवंबर को शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान दान करने का शुभ मुहूर्त बुधवार तड़के 4 बजकर 58 मिनट से शुरु होगा। सबसे पहले शाही स्नान होगा और उसके बाद श्रद्धालु पवित्र सरोवरों में स्नान करेंगे।

---

### महिलाओं को बचाने के चक्कर में बाइक फिसली सफाई कर्मी की मौत

**करनाल।** शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रमेश कुमार के रूप में हुई है, जो एक सरकारी स्कूल में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। रमेश कुमार बैंक से अपनी सैलरी निकालने जा रहे थे। रास्ते में सड़क पर कुछ महिलाएं गोबर पाथ रही थीं। उन्हें बचाने के चक्कर में रमेश ने अचानक बाइक मोड़ दी, जिससे बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में शोक की लहर है।

## खबर संक्षेप

### सुरेश बने एनसीसी स्टेट एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य

**करनाल।** करनाल जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी नरू के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार को एनसीसी स्टेट एडवाइजरी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा की गई है, जिससे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह करनाल के लिए गर्व की बात है। सुरेश कुमार को शिक्षा विभाग द्वारा एनसीसी और एनएसएस का जिला नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। अब जिले में एनसीसी व एनएसएस की सभी गतिविधियां उनकी देखरेख में संचालित होंगी।

### धान घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) ने धान घोटाले में



नामजद अधिकारियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। यूनियन का कहना है कि भ्रष्टाचार के आरोपी यदि खुले घूमते रहे तो जांच प्रभावित हो सकती है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि हरियाणा में हजारों करोड़ रुपये का धान घोटाला हुआ है, जिसकी परतें सबसे पहले भाकियू सर छोटूराम ने ही खोली थीं। किसानों के साथ धोखाधड़ी कर अधिकारियों ने खूब मौज लूटी है।

### गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं केवल धर्म का उपदेश नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन

# श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया श्री गुरु नानक देव का प्रकाश महोत्सव

- प्रताप पब्लिक स्कूल में श्रद्धा से मनाया गया गुरु पर्व
- कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से किया गया

गुरुनानक देव जी की शिक्षाएँ केवल धर्म का उपदेश नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्चा इंसान वही है जो सत्य बोले, कर्म करे और दूसरों की सेवा में आनंद पाए। गुरु जी के बताये मार्ग पर चलते हुए मेहनत, निष्ठा से काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय का वातावरण गुरु वाणी, भजन और सेवा भाव से सरोवर दिखाई दिया। सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें बच्चों ने सतनाम श्री वाहेगुरु के जयकारों से विद्यालय परिसर को गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी की जीवन गाथा प्रस्तुत की और उनके उपदेश नाम जपो, किरत करो, वंड छक्को का अर्थ समझाते हुए उसे जीवन में उतारने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ केवल धर्म का उपदेश नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्चा इंसान वही है जो सत्य बोले, कर्म करे और दूसरों की सेवा में आनंद पाए। बच्चों को चाहिए कि वे गुरु जी के बताये मार्ग पर चलते हुए मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी को अपना जीवन मंत्र बनाएं। शिक्षा का असली उद्देश्य अच्छे संस्कारों का निर्माण है, और हमें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें सिखाया कि जीवन में ज्ञान का प्रकाश तभी सार्थक है, जब उसके साथ कर्म और सेवा जुड़ी हो।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे ।



करनाल। दून इंटरनेशनल स्कूल सजा गुरु नानक देव का तख्त दरबार।

### शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

विद्यार्थी जीवन वह आधार है जहाँ से चरित्र निर्माण की नींव रखी जाती है। हमें केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि व्यवहार, विचार और कर्म में भी श्रेष्ठ बनने का प्रयास करना चाहिए। सच्चे विद्यार्थी वही हैं जो गुरु की शिक्षाओं को आचरण में लाकर समाज को उज्जवल दिशा दें। छात्राओं ने मनमोहक भजन प्रस्तुत कर कर्म, सेवा और सत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर श्री आनंद साहिब जी का पाठ किया। कार्यक्रम का समापन गुरु चरणों में विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि के लिए अरदास के साथ हुआ । गुरु का प्रकाश हमें सदा अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है।

### गुरु नानक देव जी के उपदेशों से गूंजा दून इंटरनेशनल स्कूल

**करनाल।** दून इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने भक्ति भाव से भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर को गुरुभक्ति और मानव प्रेम की भावना से सजाया गया, जिससे आयोजन उद्देश्यपूर्ण और प्रेरणादायी बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत शब्द गायन और कीर्तन से हुई, जिसे विद्यार्थियों ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्रों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर आधारित भाषण, कविताएँ और साखियाँ सुनाकर उपस्थित सभी को गुरु भक्ति के रंग में रंग दिया। आयोजन के दौरान सत्य, विनम्रता, समानता और सेवा का सार्थक संदेश प्रसारित हुआ। विद्यालय प्रांगण में भव्य नगर कीर्तन भी प्रतीक स्वरूप निकाला गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पुष्पवर्षा करते हुए भक्ति भाव से भाग लिया। स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु नानक देव जी का संपूर्ण जीवन मानवता और एकेश्वरवाद को समर्पित था, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इस अवसर पर स्वर्णजीत कौर, रंजीत कौर, रूपिंदर कौर, प्रीत कौर और संदीप कौर का योगदान सराहनीय रहा।



इंद्री डीएसपी परिसर मे फूलों की पौध बांटते इंद्री पर्यावरण संरक्षण की टीम ।

### इंद्री की पर्यावरण संरक्षण टीम ने बांटे पौध

**इंद्री।** इंद्री की पर्यावरण संरक्षण टीम ने सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में सर्दियों में उगने वाले फूलों की पौध तैयार करके बांटनी शुरू कर दी है। इंद्री डीएसपी परिसर, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय रायतखाना, राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्लामनगर में इस कार्य की शुरुआत की गई। इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी की अगुवाई में आपसी संस्था की ओर से लगभग 52 प्रकार की फूलों की पौध लेने के लिए यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पानीपत, पावर ग्रिड कुरुक्षेत्र व करनाल के अध्यापक तथा फूलों को प्यार करने वाले लोग पहुंचे। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण मित्र महिंद्र खेड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले लोग सदैव सुखी एवं स्वस्थ रहते हैं। ऐसे लोगों के मन स्थिर और शांति से भरे होते हैं।




तरावड़ी। रैली मे भाग लेते स्कूलों के बच्चे व नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल।

### सरस्वती पब्लिक स्कूल ने निकाली स्वच्छता रैली

**तरावड़ी।** हरियाणा स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर पालिका तरावड़ी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और सरस्वती पब्लिक स्कूल तरावड़ी के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से एक साइकिल स्वच्छता रैली का आयोजन किया। रैली की शुरुआत करनाली गेट से हुई जो मेंन मार्केट से होते हुए भगत सिंह चौक तक निकाली गई। विद्यार्थियों ने अपनी साइकिलों पर स्वच्छता से जुड़े आकर्षक स्लोगन व पोस्टर लगाए और पूरे मार्ग में साफ-सफाई को लेकर जोशीले नारे लगाए। शहर के बाजार से गुजरते समय दुकानदारों ने बच्चों के उत्साह की सराहना की और कहा कि बच्चों की यह पहल समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाली है। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने दुकानों के बाहर कचरा न फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज करने और अपने आस-पास सफाई बनाए रखने का संदेश दिया।

## न्यूज डायरी



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते गीता स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव मनाया

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तरावडी में आज गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। विद्यालय का पूरा वातावरण भक्ति, शांति और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत हो उठा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के जीवन, उनके उपदेशों और आदर्शों से प्रेरणा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत मूलमंत्र के शब्द के उच्चारण से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मधुर ध्वनि में शब्द कीर्तन का गायन किया । उनकी मधुर वाणी और गहरे भक्ति भावों ने पूरे वातावरण को गुरु कृपा से भर दिया।



### सलोनी ने नेशनल एथलेटिक्स में जीता सिल्वर मेडल

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज करनाल की एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी ने तेलंगाना के वारंगल में 16 से 18 अक्तूबर तक आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर-23 जैवलिन थ्रो में 45.29 मीटर भाला फेंककर सिल्वर मेडल जीतकर न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने सलोनी का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उसकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने छात्रा की पूरी फीस माफ करने, किताबें उपलब्ध करवाने तथा अन्य सभी सुविधाएं देने की घोषणा की। डॉ. सैनी ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं — खेलों में भी लड़कियों की उपलब्धियां लड़कों से किसी भी मायने में कम नहीं हैं। उन्होंने सलोनी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह आगामी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी करे ताकि और ऊँचाइयाँ हासिल कर सके।



इंद्री। खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री मे आयोजित खंड स्तरीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अधिकारी व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### निबंध रोनक, तनिशा, नैंसी व तमन्ना रहीं प्रथम

**इंद्री।** खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी के मार्गदर्शन में नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन व सुनो कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न स्कूलों के कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। नोडल अधिकारी के रूप में प्रधानाचार्य वीना गुप्ता व हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में हिन्दी भाषा की प्रतियोगिता में भौजी खालसा के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा ईशा, अंग्रेजी में खेड़ीमान सिंह स्कूल की खुशबू, पंजाबी में खानपुर के 11वीं कॉमर्स के विद्यार्थी सरजीत सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता के हिन्दी भाषा में नगला रोड़ान स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा रोनक ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी में भादसों स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा तनिशा, पंजाबी में खेड़ीमान सिंह स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा नैंसी और संस्कृत में राजकीय कन्या स्कूल इंद्री की 11वीं कॉमर्स की छात्रा तमन्ना ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं में गुरु तेग बहादुर के जीवन व विचारों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतियोगिता के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को सीखने का मौका मिलता है।



तरावड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय मॉडल संस्कृत स्कूल में लगाई विज्ञान प्रदर्शन

**तरावड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तरावड़ी में आज विद्यालय स्तर पर बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि 30 अक्टूबर को विद्यालय में आयोजित इस बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने निर्धारित थीम पर आधारित अपने मॉडल और पोस्टर प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने थीम के अनुसार रोल प्ले भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के बच्चों ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, वेस्ट मैनेजमेंट, रोबोटिक्स, हेल्थ एंड हाइजीन, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पेस साइंस जैसे विषयों पर मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। मॉडल मेकिंग में जसप्रीत, इरम, आर्यन, यादवी, रोहित, सन्नी व कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में सिमरन, गुरमीत, चंचल, अरुण कुमार, सिमरन व साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले प्रतियोगिता में श्रेय और भारती ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य नवीन ने विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसएमएस स्कूल में मनाई गुरु नानक जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा शब्द गायन और कीर्तन से हुआ, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और शांति का वातावरण बन गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सच्चा जीवन सत्य, सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने में निहित है। विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ मानवता के कल्याण के लिए हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम और एकता का संदेश फैलाना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों को गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण करवाया गया, जहाँ उन्होंने श्रद्धापूर्वक अरदास में भाग लिया और पवित्र प्रसाद ग्रहण किया। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा दिया गया। सच्चे जीवन और सेवा भाव का संदेश सदैव हमें सही राह दिखाता रहेगा।




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चे।

### सत्य और सेवा का प्रतीक है गुरु पर्व

गुरु नानक देव जी का जीवन समर्पण, सत्य और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने संसार को सिखाया कि ईश्वर एक है और वह हर प्राणी में विद्यमान है। उन्होंने समानता का संदेश देते हुए बताया कि न कोई ऊँचा है न नीचा — सभी मनुष्य ईश्वर की संतान हैं। गुरु नानक देव जी ने हमें निःस्वार्थ सेवा, ईमानदारी और मेहनत से जीवन यापन (किरत करो) की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों की सेवा करता है, वही सच्चा भक्त है। कार्यक्रम के समापन में सभी विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को हृदय से स्वीकार करने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत महापौर ने रेनू बाला गुप्ता का दौरा

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में रैंकिंग सुधार को लेकर हुआ मंथन
- रिहायशी क्षेत्र में एक बार और बाजार में दो बार सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत नगर निगम करनाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी तेज कर दी है। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने निगम अधिकारियों के साथ कालांवाली (सिरसा), नारनौंद (हिसार) और राजौंद (कैथल) नगरपालिकाओं का दौरा कर सफाई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। दौरे में उप निगमायुक्त अभय सिंह और सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह भी उपस्थित रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिहायशी क्षेत्रों में रोजाना एक बार और बाजारों में दो बार सफाई सुनिश्चित की जाए। गलियों में एकत्र कचरे को खुले में रखने की बजाय बोरे में डाला जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की कमी होने पर एच.के.आर.एन.एल. से अतिरिक्त स्टाफ लिया जाए। महापौर ने कहा कि "कचरा मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य लेकर काम करें। संवेदनशील बिंदुओं को चिन्हित कर समाप्त करें, ताकि दोबारा वहां कूड़ा न एकत्र हो सके।



### बीएन राव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि होंगी सभाएं

**करनाल।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि 30 नवंबर को संविधान निर्माता, न्यायविद् और ब्राह्मण समाज के गौरव ब्राह्मण शिरोमणि बी.एन. राव की पुण्यतिथि पर पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की जाएँगी।

अशोक शर्मा ने कहा कि बी.एन. राव का भारत के संविधान निर्माण में योगदान अमूल्य रहा है। उन्होंने संविधान सभा को वैधानिक और बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा भारतीय न्याय व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई। वे एक प्रखर बुद्धिजीवी और सच्चे राष्ट्रभक्त थे जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज बी.एन. राव जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देता रहेगा।




### कैंप में बंदियों का ईएनटी व शुगर टेस्ट किया

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के सौजन्य से हेल्थ चैकअप कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें ईएनटी, जनरल फिजिशियन और दंत चिकित्सक ने बंदियों की जांच की। लैब सहायक द्वारा रक्तचाप, शुगर और बीपी जांच की गई तथा मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गईं। डॉ. इरम हसन ने बताया कि 5 नवंबर को मंगलपुर स्लम एरिया में मजदूरों व निवासियों के लिए भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के हरदीप राणा, अरोड़ा अस्पताल की टीम और सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल सोनू मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझते हुए हरित पहल करनी चाहिए। डॉ. चौहान ने यह बात राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय जलवायु नेतृत्व एकीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। पर्यावरण संरक्षण और समाज के आर्थिक विकास दोनों में सहायक हों।उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं इस अभियान की अगुआई करें, तो परिणाम जल्द आएंगे क्योंकि वे सनातन ज्ञान परंपरा से प्रेरित होकर पर्यावरणीय चुनौतियों का बेहतर समाधान निकाल सकती हैं।

## जिला सचिवालय के सामने तीन अक्तूबर से धरना जारी

# एचकेआरएन से जोड़े जाने पर डटे अनुबंध कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन के बैनर तले जिला सचिवालय के सामने तीन अक्तूबर से धरना जारी है। एसोसिएशन के प्रधान राकेश और सुरेंद्र ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक के 1271 कर्मचारी अभी तक हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRN) से नहीं जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि सितंबर 2021 में सरकार द्वारा बनाई गई एचकेआरएन पॉलिसी के तहत सभी अनुबंध कर्मचारियों को इस पोर्टल पर पंजीकृत किया जाना था, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया अधूरी है। कर्मचारियों को मजबूरन धरना देना पड़ रहा है और त्यौहार भी सड़क पर मनाने पड़ रहे हैं।

एसोसिएशन ने जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी करने और सभी 1271 कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल से जोड़ने की मांग उठाई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर उर्मिला, नीलम, प्रदीप, मनीष, सचिन, अभिषेक सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।






### महंगाई भत्ता एरियर ब्याज सहित देने की मांग

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक मूनक की बैठक खंड प्रधान सूरत शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम धर्मशाला में हुई, जिसका संचालन डा. रणदीप श्योराण ने किया। बैठक में प्रताप सिंह, राजपाल संधू, दयानंद मान, माईचंद शर्मा, डा. हंसराज, डा. राजेन्द्र सिंह, महेन्द्र मान सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय सम्मेलन 22-23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा करें : दहिया

**पानीपत।** जिला स्तरीय वाद प्रबंधन समिति की बैठक मंगलवार को उपायुक्त कम अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में हुई। बैठक में डॉ. दहिया ने कहा कि जिले में लंबित मुकदमों के शीघ्र निपटान, सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके अलावा बैठक में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटने, पिछले एक वर्ष में की गई प्रगति, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज एफआईआर वाले कर्मचारियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की समीक्षा भी की गई।

### मंडी सचिवों से धान का अपडेट मांगा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिले में धान की आवक को लेकर मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि वह इसकी जानकारी दें कि जिले से बाहर कहां-कहां से मंडियों में धान आई है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की वह यह भी बताएं कि जिले में बरसात के कारण कितना धान खराब हुआ था और कितने गेट पास काटे गए और इन गेट पासों से कितनी धान की आवक जिले की मंडी में हुई है।

### देव उठनी एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह

**पानीपत।** देव उठनी एकादशी पर मॉडल टाउन स्थित श्री गणेश मंदिर में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलदेव गांधी, हरीश बंसल, जतिन भाटिया, नंदलाल भाटिया, सुषमा शर्मा, अशोक गुंबर, सतीश फुटेला, अशोक जख्मी, नरेश बिट्ट, हेमंत शर्मा, दीपक अरोड़ा, गुलशन धमीजा, सुमित ठुकराल, राजेंद्र, आशु गांधी, आशा ठकराल, ममता, हेमा, रेखा, सोनिया, सीमा, सुदेश बंसल, अंजू, रीता, रचना, सोनिया, नीलम, राज, सुमित्रा, शकुंतला, निधि आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दुर्गा वैष्णो मंदिर में यज्ञ किया

**पानीपत।** पानीपत की ज्योति कालोनी स्थित श्री दुर्गा वैष्णो मंदिर के वार्षिकोत्सव पर यज्ञ व भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आचार्य गोपाल दास वत्स, रमेश वधावन, सुरेन्द्र बत्तरा, समर्थ गिरधर, अमरनाथ झा, डा.वेद प्रकाश गुप्ता, सुदेश रानी, सतीश बुद्धिराजा, बलदेव बुद्धिराजा, सुरेन्द्र बत्तरा, राजेश बत्तरा, सुरेश चावला, कश्मीरी लाल, प्रेम खुराना, नवीन , इसम पांचाल, जितेंद्र फौर आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश सरकार पर श्रमिक विरोधी होने का आरोप

**समालखा।** एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी ने प्रदेश सरकार पर श्रमिक विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रदेश सरकार पर ग्रामीण विकास व मजदूर हित की अनदेखी कर उद्यम मालिकों को और अधिक अधिकार देकर मजदूरों के उत्पीडन की राह बनाने का आरोप लगाया है। वहीं, एआईयूटीयूसी ने प्रदेश सरकार से श्रमिक विरोधी व पूंजीपतिपरस्त फैसले को वापस लेने की अपील की है।

### सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स जैसे संवाद कौशल, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन की ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल, प्रिंसिपल रेखा शर्मा, मैनेजर फकीरचंद, विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉ.अमित शर्मा, रणवीर शर्मा, राजेंद्र जैसवाल, संदीप मलिक, सिद्धेश्वरी, हिमप्रीत, चेतना, कविता, सीमा, तान्या आदि उपस्थित रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर के शुगर मिल के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में घायल हो गए। जबकि राकेश के साथ सवार उसक भाई प्रवीण व टकराने वाली बाइक का चालक भी घायल हो गया। इधर, इसराना थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि मृतक राकेश के भाई की शिकायत पर दूसरी मोटरसाइकिल के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया और पोस्टमार्टम के बाद राकेश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

---

*एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का शानदार समापन*

# मानव जीवन का आधार है संस्कृति : डॉ. अनुपम

**समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का शानदार समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। जबकि अतिथियों का नोडल अधिकारी, आईटीआई पानीपत के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार व एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधा-रोपित गमले भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इधर, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि संस्कृति जीवन का आधार है, जो व्यक्ति को ज्ञान, नैतिकता व समझ प्रदान करती है।




**पानीपत।** एसडी कॉलेज में अतिथियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**भाषण में दीपांजलि एसडी कॉलेज प्रथम**

*यह केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करती है। अच्छे संस्कारों और संस्कृति से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है और समाज में अपना स्थान बनाता है। हम चाहे किसी भी व्यवसाय को अपना ले पढ़ाई हर जगह हमारे काम आती है। पढ़ाई हमें समाज में सक्रिय रूप से भाग लेने और समाज को बेहतर बनाने में सक्षम बनाती है। पढ़ा-लिखा व्यक्ति कुशल कार्यबल के निर्माण से राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलता है। वहीं, शिक्षा नागरिक शिष्टाचार और संवैधानिक मूल्यों को सिखाती है जिससे नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। इधर, पेंटिंग, विज्ञान मेला, फोक इंस्टुमेंटल में एसडी कॉलेज, भाषण देने में दीपांजलि एसडी कॉलेज प्रथम रही।*

# ट्रेड कॉरिडोर्स को मजबूत कर रहा है फ्लिपकार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व हेड ऑफ मार्केटप्लेस साकेत चौधरी ने कहा कि भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के डिजिटल कॉमर्स परिदृश्य में बड़ा बदलाव किया है। इसके प्लेटफॉर्म पर सूरत व भिवंडी से लेकर जयपुर व करनाल तक नए रीजनल ट्रेड हब उभरकर सामने आ रहे हैं और लगातार विकास कर रहे हैं। त्योहारी सीजन के दौरान विकास की व्यापक संभावनाओं वाले इन क्लस्टर्स से नए सेलेक्शन का इनफ्लो 1.4 गुना हो गया है। इस तेजी के साथ फ्लिपकार्ट टियर-टू और टियर-थ्री कस्बों के उद्यमियों को सस्टेनेबल तरीके से और टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ने तथा भारत की कॉमर्स स्टोरी को नए मुकाम पर पहुंचाने में मदद कर रहा है।

# सड़क का अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का चालान किया

**पानीपत।** नगर निगम ने सनौली रोड पर सड़क का अतिक्रमण करने के दुकानदारों का चालान किया। हालांकि निगम की कार्रवाई का दुकानदारों ने विरोध किया, वहीं साथ चल रहे पुलिस बल के कारण दुकानदारों को शांत होना पडा। इधर, नगर निगम एक्सईएन गोपाल कलावत ने बताया कि सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आम लोगों को रोजाना जाम की परेशानी झेलनी पड़ती है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कई दुकानदारों ने सड़क किनारे अपना सामान रखना बंद नहीं किया। इसके चलते चालान की कार्वाई करनी पड़ी।

---

# शोभायात्रा के साथ तुलसी विवाह किया

- शोभायात्रा में डीजे की धुन व भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री विश्वकर्मा मंदिर हरि सिंह कॉलोनी में महिला संकीर्तन मंडल द्वारा तुलसी विवाह करवाया गया। जबकि भंडारे की व्यवस्था श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा द्वारा की गई। वहीं, श्री विश्वकर्मा मंदिर हरि सिंह कॉलोनी से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में डीजे की धुन पर भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु शामिल रहे। महिला संकीर्तन मंडल में केला देवी, तन्नू, संतोष, नीलम, सरोज, गायत्री, नीरज, कविता, उमा, कमलेश, पुष्पा, तुलसी शामिल रही। वहीं श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान इसम पांचाल, विनोद पांचाल, मोहनलाल, विजेंद्र पांचाल, रविंद्र मंडावर, हेमंत शुक्ला, वेद प्रकाश नारंग राजू समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** तुलसी विवाह शोभयात्रा में नृत्य करती हुई महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

*डॉ. जागलान ने अपने मित्र डॉ. रविंद्र टागरा के साथ मोरनी हिल्स में आयोजित 50 किलोमीटर की हेल रेस पूरी की*

# सुपरफिट रनर बन चुके है डॉ. अजय जागलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कहते हैं, इच्छाशक्ति हो तो असंभव भी संभव बन जाता है। पानीपत सेक्टर-18 स्थित होप हॉस्पिटल के संचालक और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय जागलान ने इस बात को अपने जीवन से साबित कर दिखाया है। कभी 126 किलो वजन और ब्लड प्रेशर की परेशानी से जूझ रहे डॉ. अजय जागलान, मोटापे का शिकार लोगों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुके हैं। डॉ. अजय जागलान न केवल स्वस्थ बल्कि 100 किलोमीटर तक दौड़ने वाले सुपरफिट रनर बन चुके है। गत दिनों डॉ. जागलान ने अपने मित्र डॉ. रविंद्र टागरा के साथ मोरनी हिल्स में आयोजित 50 किलोमीटर की हेल रेस पूरी की। डॉ. जगालान ने 1100 मीटर ऊंचाई पर चढ़ाई भरे रास्ते में उन्होंने न केवल खुद को परखा बल्कि फिटनेस की नई मिसाल कायम की। अब डॉ. जागलान का लक्ष्य छह दिसंबर को जैसलमेर की रेतीली धरती पर 100 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन जीतना है। वहीं, डॉ. अजय व उनके साथी डॉ. रविंद्र अब तक 10 से अधिक मैराथन और अल्ट्रा-मैराथन पूरी कर चुके हैं।



**पानीपत।** मैराथन में भाग लेते डॉ. अजय जागलान व डॉ. रविंद्र टागरा प्रसन्न मुद्रा में।

---

# ज्योतिसर अनुभव केंद्र में दो करोड़ की लागत से बनेगा पंचजन्य स्मारक : सुधा

**पूर्व राज्यमंत्री ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर को विश्व का एक सुंदर पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रयास किए है और करीब 206 करोड़ रुपए की लागत से ज्योतिसर अनुभव केन्द्र तैयार किया है। इस ज्योतिसर अनुभव केंद्र के परिसर में अब भव्य पंचजन्य स्मारक बनाया जाएगा। इस स्मारक पर भव्य शंख स्थापित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 2 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को इस पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन भी कर सकते है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को ज्योतिसर अनुभव केंद्र में केडीबी व प्रशासन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।



# एआई से कर सकते हैं आतंकी हमले

- पाइट में स्पर्धा आइडियाथॉन, डीएवी सोनीपत ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

एआइ से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआई ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह एआई के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजेक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। सौ से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इ सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ.गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया। वहीं, पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सेल की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है।



**समालखा।** पाइट में अतिथियों के साथ नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**बच्चों को पुरस्कृत किया**

पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।

---

# वेस्ट सामग्री से बहुत ही सुंदर वस्तुएं बनाई

- प्रतियोगिता में प्रथम रूपाली व खुशबू द्वितीय खुशी व यश, तीसरा स्थान पर खुशबू व आर्यन रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए अ वेस्ट टू वेल्थ प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों ने वेस्ट सामग्री से बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक वस्तुएं जैसे शोपीस, घर, फूल आदि बनाकर अपनी कला को प्रस्तुत किया।प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा आईबी कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें रचनात्मक कौशल विकसित करने में तत्पर रहता है। बेस्ट आउट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को रचनात्मकता व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम रूपाली व खुशबू, द्वितीय खुशी व यश, तीसरा स्थान पर खुशबू व आर्यन रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार काजल व कृष को मिला।



### अलीशा ने प्राप्त किया सांत्वना पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** पैनोरमा एवं साइंस सेंटर द्वारा विजिलेंस अवर शेयर्ड रिस्पॉनसबिलिटी विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार-मुक्त समाज की स्थापना करना है। प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के दस विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमारी कक्षा 10वीं की छात्रा अलीशा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता, जिम्मेदारी तथा ईमानदारी जैसे मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय अभ्यास सिद्ध हुआ।

# यमुना में प्रदूषित पानी नहीं जाने देगा प्रशासन

- 73 बिंदु चिंहित, विभागों को समयसीमा में कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में यमुना एक्शन प्लान को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाले ड्रेन नंबर एक व दो में गिर रहे औद्योगिक अपशिष्ट तथा गंदे पानी के निस्तारण पर विशेष चर्चा हुई। वहीं, डॉ. दहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यमुना को स्वच्छ बनाना केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग गंभीरता से काम करें। वहीं पानीपत प्रशासन ने जिले में कुल 73 प्रदूषण बिंदु (डिस्चार्ज पॉइंट) चिन्हित किए हैं, जहां से नालों में गंदा पानी जा रहा है। वहीं, डीसी दहिया ने संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा में सभी बिंदुओं को टैप (सील) करने के आदेश दिए, ताकि कोई भी गंदा पानी यमुना में न पहुंचे।

---

**पानीपत में आत्मनिर्भर भारत व रन फॉर यूनिटी पदयात्रा आठ नवंबर को होगी**

# स्वदेशी को अपनाने से भारत बनेगा आत्मनिर्भर : दुष्यंत

**अभियान का नेतृत्व केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

महान स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150,वी जयंती के उपलक्ष्य में आठ नवम्बर को बाद दोपहर तीन बजे पानीपत जिला के गांव गवालडा से एक विशाल पद यात्रा का आयोजन होगा। इस विषय पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपाध्यक्ष्ज्ञ नवीन भाटिया, पद यात्रा के संयोजक कृष्ण छोक्कर ने प्रेस वार्ता की। वहीं, भट्ट ने कहा कि भारत की एकता अखंडता के अग्रदूत सरदार पटेल की 150 वी जयंती को रन फॉर यूनिटी एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के रूप में मना रहा है। इसी कड़ी में आठ नवम्बर को जिला पानीपत के गांव गवालडा से 'रन फॉर यूनिटी' एवं आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पद यात्रा होगी।



**पानीपत।** प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

**स्वदेशी पहली शर्त**

इस अभियान का नेतृत्व केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता का आधार होता है, वहीं किसी भी राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी पहली शर्त है। इसलिए सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर भाजपा नेता नरेश बेनीवाल, चांद भाटिया, ओम दत्त आर्य, रेशमा राजपूत, कृष्ण दुग्गल आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन रजिस्ट्री : कुरुक्षेत्र में 58 आवेदन स्वीकृत

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और भ्रष्टाचार रहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब अपनी संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं पेपरलेस रूप में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली के पहले ही दिन प्रदेशभर में सबसे ज्यादा प्राप्त आवेदनों में से 58 आवेदन अकेले कुरुक्षेत्र में स्वीकृत किए गए हैं, जो इस नई पहल की सफलता का प्रमाण है। जबकि प्रदेश में 109 आवेदन स्वीकार किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### निगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** नगर निगम में सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। रोहतक में दो महिला सफाई कर्मचारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान शंकर पांमा ने किया। कर्मचारियों ने निगम कार्यालय में बैठकर प्रदर्शन किया। संघ ने सुपरवाइजर पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### गुरुद्वारा श्री सिंह सभा ने निकाला नगर कीर्तन

**अंबाला।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा मॉडल टाउन की ओर से श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का विभिन्न जगहों पर संगत ने स्वागत किया। नगर कीर्तन पंज प्यारों की अगुवाई में निकाला गया। इस दौरान गतका पार्टी ने भी जौहर दिखाए और कीर्तनी जत्थों ने संगत को गुरुबाणी से निहाल किया। श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान व एचएसजीएमसी के पूर्व कार्यकारी सदस्य टीपी सिंह ने बताया कि शाम को नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री सिंह सभा मॉडल टाउन से शुरू होकर मॉडल टाउन बस स्टैंड, पुलिस चौकी, सर्कुलर रोड, जसपाल अस्पताल, इंको चौक से होते हुए दोबारा शाम को मॉडल टाउन साहिब में संपन्न हुआ।



### टैगलाइन लेखन प्रतियोगिता में यशप्रीत रही प्रथम

**अंबाला।** अंबाला छावनी के राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार का टैग लाइन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ देशराज बाजवा ने किया। इस दौरान वाणिज्य विभाग के 150 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिताओं में यशप्रीत ने प्रथम, अंशुल एवं गौरव सैनी में द्वितीय तथा महक एवं रितिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में डॉ परमिल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।



### प्रोफेसर परमार बने डीएवी कॉलेज के प्राचार्य

**अंबाला।** डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव महाजन के सेवानिवृत्त होने के बाद कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर आरएस परमार ने प्राचार्य का पदभार संभाल लिया। प्राचार्य परमार 1996 में कॉलेज में ज्वाइन किया था । वर्तमान में भूगोल के विभागाध्यक्ष थे । डॉ. परमार कॉलेज की महत्वपूर्ण कमेटियों में कार्यरत रहे हैं।डॉ परमार प्रोफेसर बनने वाले कॉलेज के पहले प्राध्यापक हैं।

स्कूल प्रबंधन की ओर से लंगर की भी की गई व्यवस्था

# गुरु नानक देव की जयंती पर छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

गुरु नानक देव की शिक्षाओं पर चलने का लिया संकल्प

*विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने इस पावन अवसर पर अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि "गुरु नानक देव जी का जीवन सच्चाई, करुणा और सेवा की मूर्ति है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रथम सिख गुरु गुरु नानक देव की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर गुरु-वाणी, भजन और नाम-स्मरण से गुंजायमान रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने इस पावन अवसर पर अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि "गुरु नानक देव जी का जीवन सच्चाई, करुणा और सेवा की मूर्ति है। उनके संदेश आज भी मानवता के पथ को आलोकित करते हैं।

हमें अपने कर्म और आचरण से उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने का प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने "एक ओंकार सतनाम" का संगीतमय उच्चारण करते हुए पूरे विद्यालय प्रांगण को भक्ति-भाव से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात जपजी साहिब के पाठ ने वातावरण को दिव्यता और शांति से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार एमएम सिंह जो अंबाला के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

विद्यालय के पूर्व छात्र के अभिभावक हैं ने अपने संबोधन में कहा कि "गुरु नानक देव जी का जीवन प्रेरणा-पुंज है जो मानवता, समानता और सेवा का मार्ग दिखाता है। सच्ची भक्ति कर्म और करुणा में निहित है। विशिष्ट अतिथि सरदार बलजीत सिंह जो कि सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक आयोजक एवं भांगड़ा विशेषज्ञ हैं ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं हमारे जीवन को प्रकाशमान करती हैं। वे बताते हैं कि प्रेम, नम्रता और सेवा ही सच्चे इंसान की पहचान है।" कार्यक्रम का आरंभ कक्षा 10 की तान्या द्वारा गुरु नानक देव के जीवन पर आधारित प्रभावशाली भाषण से हुआ। इसके बाद कक्षा 3 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शब्द गायन प्रस्तुत किया जिसने सभी का मन मोह लिया।



**अंबाला।** स्कूल में प्रभातफेरी निकालते व लंगर छकते छात्र।

### गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया

कक्षा 10 की साक्षी ने गुरु जी के जीवन से जुड़ी प्रेरक साखियाँ प्रस्तुत कीं, जबकि कक्षा 7 की ऐनी ने अपनी कविता "नानक नाम चढ़दी कला" से वातावरण को भक्ति-रस से भर दिया। कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने समूह शबद-गायन प्रस्तुत कर पूरे सभागार को गुरु-वाणी के अमृत से सराबोर कर दिया। कक्षा 9 की अंशिका ने कविता के माध्यम से गुरु जी के प्रेम, समानता और सत्य के संदेश को अभिव्यक्त किया। अरदास के उपरांत पूरे विद्यालय परिवार के लिए लंगर की सुंदर व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर प्रेमपूर्वक हलवा, छोले और पुरी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरा परिसर "वंड छको – बांटकर खाओ, सबको साथ लेकर चलो" की भावना से ओतप्रोत था। भक्ति-रस में डूबे वातावरण में सभी ने "सतनाम श्री वाहेगुरु" का उच्चारण कर गुरु जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षकों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। सीनियर कोऑर्डिनेटर भारती ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपिंद्र कौर अन्य सहयोगी शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना व मंजू सचदेवा ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव इसी भाव, श्रद्धा और संगठन के साथ मनाया जाता है, जिससे बच्चों में सेवा और सदाचार के संस्कार प्रबल हों।

### गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व मनाया



**बराड़ा।** सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भावना से ओतप्रोत शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए शब्द गायन से हुआ जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और शांति से भर दिया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, पहली, तीसरी, पाँचवीं और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने ऊंचा दर बाबे दा" तथा "चारे पासे सुख होण जैसे मधुर शबद प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभा में उपस्थित शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं भाव-विभोर हो उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने अपने प्रेरणादायक विचार सांझा करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी के उपदेश कीरत करो, नाम जपो और वंड के छको भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु जी के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की और सभी को इस प्रकार की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### गुरु नानक देव ने हमें सच का सौदा करना और सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाया



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में मंगलवार श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मूल मंत्र के मधुर उच्चारण से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने "ऐसी प्रीत करो मन मेरे", "जो मांगे ठाकुर अपने ते", "गुरु नानक मेरी पैज सवारी" जैसे भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर आधारित कविताएं और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिनसे उनके संदेशों की सार्थकता उजागर हुई। विद्यालय की प्राचार्या वरिंदर कौर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि गुरु नानक देव ने मानवता को "कीरत करो, नाम जपो और वंड के छको" का अमूल्य संदेश दिया जो अब भी जीवन का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के प्रकाश से मिटी धुंध जग चानण होया" अर्थात अंधकार मिट गया और ज्ञान का प्रकाश फैल गया। प्राचार्या ने आगे कहा कि गुरु नानक देव ने हमें सच का सौदा करना और सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को गुरु जी के बताए उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# 7 को मनाई जाएगी वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ, सीएम करेंगे हिस्सेदारी

- डीसी ने कार्यक्रम की विस्तार से दी जानकारी,बरसात की वजह से 51 हजार एकड़ फसल को नुकसान होने का आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि 7 नवंबर को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास व भव्य तरीके से मनाने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी।

### वंदे मातरम वर्षगांठ समारोह



उपायुक्त ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 7 नवंबर को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होने मीडिया के माध्यम से जिलावासियों को इस कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर 1876 को कवि बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत को लिखा था। वंदे मातरम गीत की महत्वता बारे व स्वतंत्रता सैनानियों के संघर्ष का इस गीत से संबध है । उस बारे जानकारी हो, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ को मनाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले अबकी बार मंडियों में धान की 5.65 मीट्रिक टन आवक हुई है। इसका एक कारण भारी वर्षा के होने के चलते कुछ क्षेत्रों में जल भराव रहने के कारण फसलों का नुकसान होना है। उन्होंने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के तहत 51 हजार एकड़ क्षेत्र में फसल के नुकसान को दर्ज किया गया है जिसकी वेरिफिकेशन कर ली गई है। जल्द ही सम्बन्धित किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा सीधा उनके खाते में देने का काम किया जाएगा।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर नाड़ा साहिब से शुरू होगी यात्रा

## सीएम के ओएसडी बोले पंचकुला से शुरू होने वाली यात्रा 15 को अंबाला में होगी दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- 22 को शाहाबाद के लिए होगी रवाना

मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने बताया कि हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस को पूरे प्रदेश मे श्रद्धाभाव के साथ मनाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में यात्राओं का आयोजन करते हुए सर्वसमाज को गुरू तेग बहादुर जी के अदम्य साहस, उनके बलिदान बारे जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में 15 नंबवर को पंचकूला श्री नाडा साहिब गुरूद्वारा से यात्रा शुरू होगी जो कि अंबाला में नारायणगढ़ होते हुए दाखिल होगी। यह यात्रा 15 नवंबर से 22 नवंबर तक अंबाला में रहेगी। सिंह मंगलवार को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जिला प्रशासनिक अधिकारी एवं हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ एक बैठक ले रहे थे।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद सीएम के ओएसडी व प्रशासनिक अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उनके साथ एचईआरसी सदस्य मुकेश गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, चेयरमैन जिला परिषद मक्खन सिंह लबाणा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, गुरतेज सिंह, रूपिंद्र सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### गुरु तेग बहादुर स्मृति समारोह

हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस को पूरे प्रदेश में श्रद्धाभाव के साथ मनाने का काम किया जा रहा है इसके तहत 1 नवंबर से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से उनके अदम्य साहस व बलिदान के बारे जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा उनका शहीदी दिवस बड़े ही उच्चस्तर पर मनाने का काम किया जा रहा है, 25 नंवबर को कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। ओएसडी व एचईआरसी सदस्य मुकेश गर्ग ने इस मौके पर यह भी बताया कि यह यात्रा 15 से 22 नवंबर तक जिला में ही रहेगी, 15 से 17 नवंबर तक पंजोखरा साहिब गुरूद्वारा में, 18 से 20 नवंबर तक मंजी साहिब गुरूद्वारा में, 21 नवंबर को लखनौर साहिब में यात्रा का रात्रि ठहराव रहेगा। 22 नवंबर को यह यात्रा यहां से शाहबाद के लिए रवाना होगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों से अपील की कि वे रूपरेखा तैयार करें कि जिला में जितने दिन यात्रा रहेगी उसका आगमन कहां-कहां होगा।

# योग साधकों ने कपाल मोचन मेले में लगाई आस्था की डुबकी



**शहजादपुर।** भारतीय योग संस्थान के साधकों ने पवित्र तीर्थ स्थल कपाल मोचन पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और मेला परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर योग साधकों में अपार उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान ने कहा कि कपाल मोचन मेला हरियाणा की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यहां देशभर से श्रद्धालु स्नान, दान और पूजा करने के लिए आते हैं। उन्होंने सरकार, स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों और स्वच्छता व्यवस्था की सराहना की। संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि सभी योग साधक व पदाधिकारी देर रात कपाल मोचन पहुंचे। सर्वप्रथम गऊ-बच्छा घाट, ऋणमोचन सरोवर तथा सूरजकुंड सरोवर में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। डुबकी लगाने के उपरांत सभी साधकों ने प्रसाद ग्रहण किया और तीर्थ स्थल की पवित्रता का अनुभव करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। साधकों ने कहा कि ऐसी पवित्र यात्राएं न केवल आध्यात्मिक उन्नति देती हैं बल्कि समाज में एकता, प्रेम और सद्भावना का संदेश भी फैलाती हैं। इस अवसर पर साधकों ने योग और स्वच्छता के महत्व पर भी चर्चा की और सभी को अपने जीवन में योग को अपनाने का संकल्प दिलाया।

# हरियाणवी इंस्ट्रूमेंटल ऑर्केस्ट्रा टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी

- चेन्नई स्थित केंद्रीय विद्यालय आईआईटी में आयोजित हुआ राष्ट्रीय एकता पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चेन्नई स्थित केंद्रीय विद्यालय आईआईटी में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता पर्व 2025' के अंतर्गत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एवं 'कला उत्सव' कार्यक्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 अंबाला छावनी के 33 विद्यार्थियों ने गुरुग्राम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया। इस कार्यक्रम में समूह नृत्य, समूह गान, आर्टिफेक्ट्स एक्सप्लनेटर (एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत) तथा 'कला उत्सव' के अंतर्गत समूह गान और 'समूह इंस्ट्रूमेंटल ऑर्केस्ट्रा' जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय की हरियाणवी इंस्ट्रूमेंटल ऑर्केस्ट्रा टीम' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण भारत के केंद्रीय विद्यालयों में से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 संभागों के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।



**अंबाला।** कला उत्सव में हिस्सा लेने वाले छात्र।




### रोल प्ले में पांच टीमों के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिल मौलिक अधिकारी ज्योति रानी सभरवालने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला भी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य मंजू बाला ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला के सभी 6 ब्लॉक से लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। रोल प्ले प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अजय कौशल , संदीप खोखर व रचना ने अपनी भूमिका निभाई। वहीं रोल प्ले प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अरविंद कुमार, गीता रानी एवं प्रदीप कुमार भी शामिल रहे। कार्यक्रम में डाइट मोहड़ा से डॉ. विकास, प्राध्यापक राजेश कुमार, डॉ. धीरज वालिया एवं प्राध्यापक राजकुमार ने समन्वयक के रूप में योगदान दिया।

### मजदूरों से मारपीट कर नकदी छीनी

**अंबाला।** साहा के राधा स्वामी सत्संग भवन के निकट दो प्रवासी मजदूरों से पिटाई करने के बाद बाइक सवार छह युवक मोबाइल व 4 हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। साहा थाना पुलिस को दी शिकायत में महेश नगर क मोहम्मद अखतर उर्फ गोलू ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार के लखी सराय स्थित सुजरा गांव का रहने वाला है। 2 नवंबर को दोपहर के समय वह व साथी दोस्त ढकौला गांव के मोहम्मद रियाज पत्थर टाइल का काम करके राधा स्वामी सत्संग भवन के पीछे जंगल के रास्ते से अपने घर जा रहे थे। तभी बाइक सवार 6 युवकों ने रास्ता रोकने के बाद मारपीट शुरू कर दी। जेब से मोबाइल व 4 हजार रुपये की नकदी लेकर भाग गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## चित्रा बोलीं लोगों की नींद हराम, सरकार सो रही है चैन की नींद

# चोरी व स्नेचिंग की निरंतर वारदातों को लेकर पुलि बंदोबस्त पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में निरंतर हो रही चोरी व स्नेचिंग की की वारदातों को लेकर युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने पुलिस बंदोबस्त पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी जिसे कभी अनुशासन और फौजी ठसक के लिए जाना जाता था, आज उसी शहर में चोरी, झपटमारी और लूटपाट ने ऐसा तांडव मचा रखा है कि लोग रात तो क्या दिन में भी चैन से सांस नहीं ले पा रहे हैं। हर गली, हर बाजार और हर चौक पर लोगों की जुबान पर एक ही सवाल है "अब जाएं तो जाएं कहां? सरवारा ने इस बढ़ते अपराध ग्राफ पर तीखा व्यंग्य करते हुए कहा कि "जिस प्रदेश ने नशे को खत्म करने का दावा किया था, वहीं हरियाणा 'उड़ता अंबाला' बन चुका है।" उन्होंने कहा की चिट्टा अब गली-मोहल्लों में ऐसे बिक रहा है जैसे सब्ज़ी मंडी का सामान। सरकार के पास आंकड़े हैं, मगर जमीनी हालात में 'कंट्रोल' नाम की कोई चीज़ नहीं बची। सरवारा ने कहा कि हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि दुकानदार अपनी दुकान पर ताला लगाकर भी चैन से नहीं बैठ पा रहे। उन्होंने कहा की अभी तो सर्दियां पूरी तरह से शुरू नही हुई तो चोर लोगों को रातों को सोने नही दे रहे अगर सर्दियां पूरी शुरू हो और धुंध पड़नी शुरू हो गई तो न जाने ये चोर लोगों को ही न उठाकर ले जाएं। दिन-दहाड़े शराब ठेकों पर मारपीट, गाड़ियां चोरी होना, घरों के ताले टूटना और महिलाओं के झपटमार गिरोहों से सामना- अब ये सब घटनाएं रोज़मर्रा की कहानी बन चुकी हैं।

गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया



चित्रा सरवारा ने कहा कि सरकार दावा करती है कि अपराधियों को पकड़ रही है, पर असल में तो लगता है जैसे अपराधी ही सरकार को पकड़ कर बैठे हैं। छावनी के लोगों में खौफ का आलम यह है कि रात का सन्नाटा अब शांति नहीं, बल्कि डर की आहट बन गया है। अम्बाला छावनी के कई इलाकों में रात को चोर ऐसे बेखौफ़ घूमते हैं जैसे उन्हीं के नाम बिजली के बिल और टैक्स जमा करने की रसीदें हों। उन्हांने ने कहा कि सरकार ने खेती का नशा तो छुड़ा दिया, पर अब वही युवा बेरोजगारी के नशे और अपराध के दलदल में धंसते जा रहे हैं। चिट्टे का धंधा एक समानांतर शासन चला रहा है। उन्होंने प्रशासन को कटाक्ष करते हुए कहा कि "यह वही अम्बाला छावनी है जहां पहले फौज का अनुशासन दिखता था यहां की जनता अब न केवल डरी हुई है, बल्कि आक्रोशित भी। घरों के बाहर कैमरे,अलार्म और सुरक्षा गार्ड लगाकर भी चैन नहीं। लोगों की नींद अब डर के पहरे में कटती है। सरकार अभी भी दावों के तकिए पर सो रही है।